उन्हाणी स्थित कॉलेज में छात्राओं को संबोधित करते डॉ. आरएन यादव।

पर्यावरण का संरक्षण करना हमारा सामाजिक दायित्व

भास्कर न्यूज | कनीना

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण विषय पर डॉ. आरएन यादव द्वारा व्याख्यान दिया गया। डॉ. आरएन यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परम्पराओं का आधार वैज्ञानिक है। उनमें पर्यावरण के प्रति अपार प्रेम व संवेदना है। वर्तमान युग में पर्यावरण बहुत अधिक प्रदूषित होता जा रहा है। अतः पर्यावरण का संरक्षण करना हमारा निजी व सामाजिक दायित्व है। उन्होंने अमृता देवी बिश्नोई की शहादत के बारे में बताया जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अंत में उन्होंने महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा से अपील की कि वे अपने जन्मदिवस पर एक-एक पौधरोपण अवश्य करें। इस अवसर पर प्राचार्य ने भी छात्राओं को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व जागरूक होने के लिए प्रेरित किया तथा डॉ. आरएन यादव का वर्तमान युग पर उपयोगी व्याख्यान के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कई स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।